

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 25 जनवरी 2025

संवत 2078, माघ कृष्ण 12 संवद मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 140 पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


4 ▸▸ नकली दुनिया की पोल खोलता आईआईटी बाबा

अक्षय कुमार ने बेचा मुंबई का आलीशान घर 6



109 करोड़ की अवैध निकासी मामला, रांची में एटीएस की छापेमारी

# 60 लाख बरामद, 76 लाख फ्रीज

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार के ऊर्जा विकास निगम से 109 करोड़ रुपए अवैध निकासी मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में एक आरोपी के घर छापेमारी कर एटीएस की टीम ने 60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि छापेमारी में भारी मात्रा में नगद पैसे मिले हैं।

छापेमारी में 60 लाख बरामदः झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण उपक्रम पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के





खाते से लगभग 109 करोड़ रुपये गायब करने के मामले में जांच जारी है। इस दौरान एटीएस ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले राम लखन यादव के यहां छापेमारी कर 60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि छापेमारी के दौरान अब तक 60 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें जेटीडीसी के तत्कालीन लेखपाल गिरिजा सिंह, केनरा बैंक हटिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार, साजिशकर्ता रूद्र उर्फ समीर, रांची के रहने वाले लोकेश्वर शाह, रांची के बिरसा चौक स्थित सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक लोलस लकड़ा और इलाहाबाद बैंक के अमर कुमार शामिल हैं। मामले में पुख्ता सबूत के बाद करीब 350 खातों में पड़े 47 करोड़ 20 लाख रुपए को फ्रीज करवाया गया है। इस केस में एक करोड़ 93 लाख रुपए नकदी और 17 लाख रुपए के जेवर अब तक बरामद किए गए।

बंगाल कनेक्शन आया सामनेः झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के अकाउंट से 107 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का बंगाल कनेक्शन सामने आया है। मामले की जांच कर रही है एसआईटी को यह जानकारी मिली है कि बंगाल के हजारों सिम कार्ड का प्रयोग कर दर्जनों की संख्या में खाते खुलवाकर बंगाल के विभिन्न हिस्सों में अवैध निकासी के पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। मामले की जांच कर रही एसआईटी की टीम ने अब तक 350 खातों में पड़े 47 करोड़ 20 लाख रुपए फ्रीज करवाया है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सरकारी पैसे की निकासी में बंगाल कनेक्शन सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है।

अब तक कि जांच में यह बात सामने आई है कि 109 करोड़ रुपए की अवैध निकासी मामले का मास्टरमाइंड कोलकाता का रहने वाला है। उस व्यक्ति ने अपने गुर्गों, बैंक कर्मियों और कुछ सरकारी कर्मियों की मदद से घोटाले को अंजाम दिया है। एसआईटी की जांच में यह बात भी सामने आई है कि 109 करोड़ की अवैध निकासी के लिए लगभग 1200 खातों का इस्तेमाल किया गया था। खातों के लिए हजारों की संख्या में सिम कार्ड का प्रयोग किया गया था। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि अब तक इस मामले में 50 करोड़ रुपए से ज्यादा फ्रीज किए गए हैं। जबकि सेंट्रल बैंक के एक मैनेजर समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बंगाल के संदिग्ध खाताधारियों की जांचः अवैध निकासी मामले में बंगाल के संदिग्ध खाताधारियों और उनके झारखंड लिंक की जांच की जा रही है। सबसे ज्यादा पैसे बंगाल से जुड़े खातों में हस्तांतरित किए गए हैं। जिन खाताधारी के नाम जांच के दौरान उजागर हुए हैं, उनमें से करीब 600 संदिग्ध हैं। एसआईटी की जांच में कई ऐसे खाते मिले हैं, जो छोटे-मोटे कारोबारी से जुड़े हैं।

## पुल के नीचे गिरा बोलेरो एक की मौत, पांच घायल

**संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड में औरंगा नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर एक बोलेरो पुल के नीचे गिर गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के पेशरार गांव निवासी योगेंद्र सिंह के रूप में की गई है। जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

दरअसल, बोलेरो पर सवार होकर सभी लोग एक शादी समारोह में छिपादोहर गए थे। वैवाहिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान औरंगा नदी के पास तीखे मोड़ पर बोलेरो अनियंत्रित हो गई और पुल के नीचे गिर गई। इस घटना में गाड़ी पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाद में सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बोलेरो से बाहर निकाला और सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को भर्ती कराया गया।

थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। घटना किस कारण हुई इसकी जांच पुलिस कर रही है।






















न्यूज ब्रीफ

## अवैध चिप्स लदा हाइवा जब्त, चालक-खलासी गिरफ्तार

**साहिबगंज:** जिले के उधवा अंचल के सीओ ने अवैध चिप्ल लदे ओवरलोड हाईवा को जब्त किया है। कागजी प्रक्रिया के बाद हाइवा और उसके चालक व खलासी को राधानगर थाना के हवाले कर दिया। पुलिस ने सीओ के बयान पर में केस दर्ज करते हुए चालक अशोक मंडल व खलासी सुनील मलटो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीओ को सूचना मिली थी कि बड़हरवा की तरफ से फोरलेन होकर अवैध चिप्स लदा हाइवा उधवा की ओर जा रहा है। सीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हाइवा को रोकर चाल क से पूछताछ की। चालक चिप्स से संबंधित कागजात तक नहीं दिखा पाया।

## नाबालिग के यौन शोषण मामले में दोषी शिक्षक को 20 वर्ष की कैद

**साहिबगंज :** नाबालिग लड़की का अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। साहिबगंज के पोक्सो न्यायाधीश वीरेंद्र श्रीवास्तव ने संत मैरी स्कूल बरहेट के शिक्षक जॉन टुडू को दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25000 रुपए जुमार्ना भी लगाया है। मामाल एक मार्च 2024 का है। लड़की की मां उत्क्रमित उच्च विद्यालय फूलभंगा की शिक्षिका ने शिकक्षक जॉन टुड्डू पर उसकी बेटी का अपहरण कर अपने रिश्तेदार के घर ले जाकर यौन संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए बरहेट थाना में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को जॉन टुडू के रिश्तेदार के घर से बरामद किया था।

कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की बहस व गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी जॉन टुडू को भदवी की धारा 366अ में 10 वर्ष सश्रम कारावास व 10000 रुपए जुमार्ना व पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 25000 रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक आनंद कुमार चौबे ने सुनवाई में हिस्सा लिया।

## गम्हरिया बाजार में लगी आग, कई दुकानें और होटल जलकर खाक, लाखों का नुकसान



**जमशेदपुर:** सरायकेला-खरसावांजिले के गम्हरिया में बाजार में आग लग गई। इसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। शुक्रवार देर रात गम्हरिया बाजार में अचानक आग लग गई। कई सब्जी की दुकानें और होटल जलकर राख हो गए। अगलगी की घटना में लाखों रुपये की क्षति हुई है। हालांकि, स्थानीय लोगों को आग लगने की जानकारी हो गई। तत्काल सभी ने मिलकर आग को नियंत्रित कर लिया। इसकी वजह से कई दुकानें और होटल जलने से बच गए। एक बड़ा हादसा भी टल गया। स्थानीय लोगों ने कहा है कि रात के करीब एक बजे बाजार के आसपास रहने वाले लोगों ने देखा कि कुछ दुकानों में आग लगी है। दुकानों को जलता देख लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। साथ ही दुकानदारों को भी दुकानों में आग लगने की सूचना दी। थोड़ी ही देर में बाजार के दुकानदार वहां पहुंच गए। सभी ने मिलकर आग पर थोड़ी देर में काबू पा लिया, लेकिन तब तक बहुत सी दुकानें जल चुकीं थीं। लाखों का नुकसान हो चुका था।

## हाइड्रोसील के छह मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन



**मुरी:** डॉ प्रियंका कुमारी के निर्देश पर डॉ मुकेश कुमार ने हाइड्रोसील के छह मरीजों का आपरेशन सफलतापूर्वक किया। इस आपरेशन में सुरेन्द्र कुमार, बबीता कुमारी, ब्रजेश कुमार,मानस कुमार, राहुल राय,तारा कच्छप,हिल्दा लकडा थे।

## गैर मजरूआ जमीन के अतिक्रमण को लेकर थाने में आवेदन



**मुरी:** सिल्ली बंता हजाम निवासी करुणा देवी पति गणेश महतो ने अपने घर के आगे निकलने वालेगैर मजरूआ जमीन के अतिक्रमण के खिलाफ थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन देकर आग्रह किया कानूनी कार्रवाई करते हुए आठ फीट का रास्ता दिया जाये। जगबंधु बड़ाइक ने अपनी रैयती जमीन से गैर मजरूआ जमीन को जोड कर अतिक्रमण किया है। एक बार जगबंधु बड़ाइक को समझाया गया पर किसी के बहकावे में आकर ऐसा कर रहा है। इसकी शिकायत प्रखंड अंचल पदाधिकारी एवं बिधायक अमित महतो को भी आवेदन देकर की है।

अलका तिवारी ने सचिवों को दिया निर्देश, कहा-

# केंद्र सरकार से मिली राशि का समय से दें उपयोगिता प्रमाण पत्र

संवाददाता

**रांची:** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जाने वाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को



बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255।14 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है। मुख्य सचिव को बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है। बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है, उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी। नेतरहाट, तिलैया एवं तेनूघाट डैम सौंदर्यीकरण के लिए 214.94 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य ने समर्पित किया है। तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। बताया गया कि डैमों के सौंदर्यीकरण योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ जानकारी तलब की गई है, उसके लिए पर्यटन विभाग को तत्संबंधी कारर्वाई के लिए कहा गया है। मुख्य सचिव को बताया गया कि वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य को 163 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसके तहत झारखंड में कुल 8 हॉस्टल का निर्माण होना है। भारत सरकार द्वारा दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गयी है, जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है। समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि एसएनए स्पर्श के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार से 31 जनवरी 2025 तक 250 करोड़ रुपये का क्लेम कर सकती है। बताया गया कि अर्बन प्लानिंग रिफार्म के तहत भवन निर्माण नियम को युक्तिसंगत करने के लिए 30 करोड़ रुपये का दावा केंद्र सरकार से किया गया है। समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, परिवहन सचिव कृपानंद झा, खान सचिव जितेंद्र सिंह, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री से मिला केंद्रीय सरना समिति भारत का एक प्रतिनिधिमंडल ,सौंपा ज्ञापन



संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय सरना समिति, भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सरना आदिवासी समाज की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर उसके निदान की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित में सरकार सभी वर्ग तथा समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के हर वर्ग और तबके लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है क्योंकि बिना समाज को मजबूत किए राज्य को मजबूत नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के साथ उनके हक-अधिकार को देने के लिए हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, अमर उरांव, राजू मंडल, शिवा कच्छप, प्रदीप तिर्की, सोनू मुंडा, झरी मुंडा, राजेश तिर्की, हेमन्त गाड़ी, चिंतामणि सांगा, सुलोचना खालखो, सावित्री कच्छप, लाली कच्छप, संजना उरांव, मधु तिर्की, प्रीति कच्छप और सायरा कच्छप प्रमुख रूप से शामिल थे।

## सीएम हेमंत सोरेन दुमका में फहराएंगे तिरंगा, तैयारी पूरी



**रांची :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका के पुलिस लाइन मैदान में झंडोत्तलन करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री 25 जनवरी की शाम दुमका पहुंचेंगे और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराएंगे। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त फोर्स उपलब्ध कराए गए हैं। परेड में 14 प्लाटून भाग लेंगे इस अवसर पर आयोजित परेड में 14 प्लाटून भाग लेंगे, जिसमें झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), आईआरबी के साथ प्रमंडल के सभी जिलों के पुलिस बल के अलावा एनसीसी कैडट शामिल होंगे। परेड को प्रशिक्षु आईपीएस डॉ सैयद मुस्तफा हाशमी कमांड करेंगे।

## सीसीएल की 'डिजिटल विद्या' परियोजना अंतर्गत अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब का वर्चुअल उद्घाटन




संवाददाता

**रांची:** कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा झारखंड राज्य के 8 जिलों के 193 सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'डिजिटल विद्या' परियोजना अंतर्गत स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का अधिष्ठापन कराया गया। इस महत्वाकांक्षी पहल का वर्चुअल उद्घाटन आज भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त द्वारा किया गया।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की इस परियोजना के तहत सीसीएल ने झारखंड के राँची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, लातेहार, गिरिडीह और पाकुड़ जैसे जिलों में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब की स्थापना की है जिसकी कुल लागत 26।13 करोड़ है। परियोजना का क्रियान्वयन एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (ईडीसीआईएल) द्वारा कराया गया। आज आयोजित उद्घाटन समारोह झारखंड के चतरा जिले के टंडवा ब्लॉक के अपग्रेडेड मिडिल स्कूल, किशुनपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, लोक प्रतिनिधिगण, अभिभावक, एवं कम्पनी के अधिकारीगण उपस्थित थे। सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं निदेशक(कार्मिक) कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर, छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, एवं समस्त जन समुदाय को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने की दिशा में सीसीएल के योगदान की सराहना की गई।

यह परियोजना झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और सरकारी स्कूलों के बच्चों को डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।



## धूमधाम के साथ मना सेल स्थापना दिवस

**रांची:** सेल रांची इकाइयों ने सेल सैटेलाइट कॉलोनी में अपना सेल स्थापना दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। इस अवसर पर एसके वर्मा, ईडी (सीईटी), वेदप्रकाश, ईडी (एसडीटीडी), संदीप कुमार कर, ईडी (आरडीसीआईएस), संजय धर कार्यवाहक ईडी (एमटीआई) और अन्य सीजीएम, कर्मचारी, उनके परिवार और मित्र उपस्थित थे। सबसे पहले रन फॉर सेल में सभी कर्मचारियों को अपना और कंपनी का स्वास्थ्य फिट और ठीक रखने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद सेल कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति पुरस्कार वितरित किए गए। इन पुरस्कारों को प्राप्त करने वाले बच्चों में रौनक जैन, नव्याकृति, सक्षम कुमार, कुशाग्र, एम वर्मा, श्यामंतक मिश्रा और वैष्णवी कुमारी शामिल थे। श्यामली कॉलोनी में 5 किलोमीटर की दौड़ 10 विभिन्न श्रेणियों के लिए थी श्री जे। मोयलन और एके। जेना, पूर्व कर्मचारी त्रिवेंद्रम से आए और उन्हें पूर्व कर्मचारी श्रेणी में दूसरा स्थान मिला। विभिन्न 10 श्रेणियों में शीर्ष धावक लक्ष्मण कुमार, सीमा यादव, बेन्सी बीके।, प्रभा देवी, तान्या श्रीहर्ष, श्रेयश रॉय, शांभवी सौम्या, सुखधाम टोप्पो, अबधेश प्रसाद और गर्वित यादव थे। इन विजेताओं को कार्यकारी निदेशकों द्वारा सम्मानित किया गया। पुरुष प्रतिभागियों के लिए सर्वश्रेष्ठ समय श्रेयश रॉय द्वारा 30 मिनट और महिला प्रतिभागियों के लिए तान्या श्रीहर्ष द्वारा 44 मिनट था।

## मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के लिए खुशखबरी

# 28 को जारी हो सकती है जनवरी माह की किस्त, विभागीय आदेश का इंतजार

संवाददाता

**रांचीः** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच जनवरी माह की राशि अबतक ट्रांसफर नहीं हुई है, जबकि हर माह की 15 तारीख को राशि ट्रांसफर करने का डेडलाइन फिक्स है। अब सवाल है कि किस तारीख को जनवरी माह की किस्त जारी होने जा रही है। क्योंकि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी इस मसले पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जबकि अनुपूरक बजट के जरिए राज्य सरकार मार्च माह तक की अनुमानित राशि जिलों को मुहैया करा चुकी है। लिहाजा, किस्त जारी करने में हो रहे विलंब से लाभुक चिंतित हैं। ऊपर से कयासों का




बाजार भी गर्म है। अव्वल तो ये कि अभी तक विभागीय स्तर पर जिला कोषांग को राशि निर्गत करने का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

**पैसे ट्रांसफर करने का काउंट डाउन शुरूः** सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी है कि मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के खाते में जनवरी माह की किस्त ट्रांसफर करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसको लेकर ऑनलाइन समीक्षा बैठक भी हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक सरकार का पूरा तंत्र गणतंत्र दिवस की तैयारियों में लगा हुआ है। इसलिए गणतंत्र दिवस के दो दिन बाद यानी 28 जनवरी को जनवरी माह की किस्त जारी करने की पूरी संभावना है। विश्वस्त सूत्रों का यह भी कहना है कि अगर कोई अड़चन आती है तो 29 जनवरी से राशि ट्रांसफर होने लगेगी।

**एक ही समय सभी लाभुकों को क्यों नहीं मिलते हैं पैसेः** इस सवाल का जवाब सभी लाभुक जानना चाहते हैं। क्योंकि अगस्त, 2024 से शुरू इस योजना के लाभुकों को आजतक एक साथ यानी कि एक ही दिन पैसे नहीं मिले हैं। **अपडेशन में प्रखंड कर्मियों के छूट रहे हैं पसीनेः**दरअसल, मंईयां सम्मान योजना के नये लाभुकों का आवेदन लेने, उनके आवेदन को स्वीकृत करने के साथ-साथ अपात्र लाभुकों को चिन्हित कर लिस्ट से उनके नाम हटाने की जिम्मेदारी प्रखंड कार्यालय को दे दी गई है। लिहाजा, जिला स्तर पर अपात्र लाभुकों का नाम हटाने और योग्य नये लाभुकों का नाम जोड़ने की कवायद जोर शोर से चल रही है। लेकिन मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पोर्टल यानी एमएमएमएसवाई पोर्टल के सही तरीके से काम नहीं करने की वजह से लिस्ट को अपडेट करने में दिक्कतें आ रही हैं। आए दिन पोर्टल ठप हो जा रहा है। इसकी वजह से प्रखंड कर्मियों को आवेदन देने आई महिलाओं की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। ऊपर से लाभुकों के खाते को आधार लिंक से भी जोड़ा जा रहा है।

**मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों की अहर्ताः** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 साल से 50 साल तक की युवती/महिलाओं को हर माह की 15 तारीख को 2,500 रु देना है। इसके लिए अहर्ता भी तय की गई है। मसलन, आवेदक झारखंड की हो। उसके पास आधार कार्ड और राशन कार्ड हो। टैक्स देने वाले परिवार की सदस्य ना हो। आवेदक के अविवाहित होने पर पिता और विवाहित होने पर पति में से कोई भी सरकारी, विधिक न्याय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय, सरकार से सहायता प्राप्त संस्थान में नियमित या संविदा पर नियोजित ना हो। किसी तरह के पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा हो। साथ ही आवेदक ईपीएफ धारी भी ना हो।

## झारखंड को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का राष्ट्रीय सम्मान

**रांची/ नई दिल्लीः** विधानसभा चुनाव में बेहतरीन काम करने के लिए पहली बार झारखंड को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का राष्ट्रीय सम्मान मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को यह सम्मान दिया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई– निविदा आमंत्रित की जाती है। **1 निविदा संख्या** : EL/50/16/2024-25 **2 कार्य का नाम व स्थान** :Repair, Servicing and overhauling of Kirloskar (KOEL) make Diesel Alternator Set 500kVA, 750V in Power Cars during POH at carriage workshop Ajmer **3 अनुमानित लागतः** रू 24872113.36 **4 बयाना राशि** : रू. 274400.00 **5 ई – निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** – 31-01-2025 at 15.00 Hrs **एवं ई – निविदा खोलने की तारीख एवं समय**–31-01-2025 at 15.30 Hrs **6 वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई–निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है** : www.ireps.gov.in

**95-DR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**(सर्वे व निर्माण)**

**ऑनलाइन खुली ई निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)–पंचम, उत्तर–पश्चिम रेलवे, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाइन ई–निविदा (दो पैकट पद्धति) ई टेंडरिंग प्रणाली पर निर्धारित इलेक्ट्रोनिक प्रपत्र पर आमंत्रित करते है **1. ई टेंडर संख्या** : एनडब्ल्यूआर/एससी/एसडब्ल्यूएम–जे.पी/पी.वे./514110110 **2. कार्य का नाम एवं स्थान** : जयपुर–सवाई माधोपुर दोहरीकरण परियोजना के सम्बन्ध में जयपुर–ईसरदा सेक्शन के कि.मी. 131.27 से कि.मी. 40.70 के मध्य रेलवे ट्रैक के साथ 65 एम.एम. मशीन क्रश्ड स्टोन बेलास्ट सप्लाई करना। **3. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 29,15,70,697.60 **4.बयाना राशि** : रू. 16,07,900.00 **5. निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय** : 31.01.2025 को 15.00 बजे तक। **6. वेबसाईट का विवरण, जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है।** : भारतीय रेलवे की ई टेंडरिंग वेबसाइट **www.ireps.gov.in 7. कार्यालय ई–मेल** का पता : **dyceciljp@gmail.com**

**92-DR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

# गणतंत्र दिवस पर रांची में चप्पे-चप्पे पर रहेगी सुरक्षा बलों की तैनाती

## बदला रहेगा ट्रैफिक रूट

संवाददाता

**रांची** : गणतंत्र दिवस के मद्देनजर झारखंड की राजधानी रांची में 1000 पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं। इसमें रैफ, जैप, जेआइआरबी, जिला पुलिस बल, पुलिस के जवान और पदाधिकारी शामिल हैं। साथ ही सभी विधायकों और मंत्रियों सहित अन्य महानुभावों की सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को पत्र भी लिखा है। इसमें सभी जिलों के एसपी से कहा गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से सतर्कता बरतें और सुरक्षात्मक कार्रवाई करें। रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड्स और एयरपोर्ट पर भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि सभी रेंज डीआईजी अपने-अपने रेंज में सुरक्षा-व्यवस्था की विशेष मॉनिटरिंग करें।

**ट्रैफिक रूट में रहेगा बदलावः** गणतंत्र दिवस समारोह मोरहाबादी मैदान में मनाया जायेगा। यह समारोह सुबह 9 बजे से शुरू होगा। राज्यपाल संतोष गंगवार यहां झंडा फहरायेंगे। इसके साथ ही समारोह की शुरूआत हो जाएगी। समारोह के लिए राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत बड़े वाहनों को सुबह 6 बजे से रात के 10 बजे तक शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। यानी बड़े वाहनों के लिए इस दौरान नो एंट्री रहेगी।

**मोरहाबादी और आसपास के इलाके की ड्रोन से होगी मॉनिटरिंगः** गणतंत्र दिवस के दिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए जवानों के साथ-साथ वज्र वाहन और वाटर कैनन को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सादे लिबास में स्पेशल ब्रांच के पुलिसकर्मी भी संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करेंगे। असामाजिक तत्वों पर भी उनकी नजर रहेगी। मोरहाबादी मैदान के आसपास सुरक्षा के लिहाज से ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जायेगी। इसके अलावा विभिन्न थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों को गश्त तेज करने का आदेश दिया गया है।

# खुशखबरी : रांची से पुरी के लिए चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस, जयपुर के लिए भी नई ट्रेन

संवाददाता

**रांची : रांची** से जल्द ही 2 नई ट्रेनें चलने वालीं हैं। इनमें एक वंदे भारत एक्सप्रेस है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रांची से भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी के लिए चलेगी। वहीं, रांची से जयपुर के लिए भी सीधी ट्रेन शुरू हो जाएगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने रेलवे बोर्ड को इसका प्रस्ताव भेजा है। मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि रांची से मदार जंक्शन तक अक्टूबर से दिसंबर 2024 तक स्पेशल ट्रेन चलायी गयी थी, जो पूरी तरह से सफल रही। इस ट्रेन में यात्रियों की संख्या भी अधिक थी। इसी को देखते हुए दक्षिण-पूर्व रेलवे के मुख्यालय ने रेलवे बोर्ड को इस ट्रेन को फिर से चलाने का प्रस्ताव भेजा है।


रांची को जल्द मिलेंगी 2 नई ट्रेनें

अधिकारी ने बताया कि रांची से पुरी के लिए रेलवे बोर्ड को वंदे भारत चेयरकार ट्रेन चलाने का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। वर्तमान में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें चलाने की योजना है। स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण का काम अंतिम चरण में है। इसमें से एक ट्रेन रांची-पुरी के बीच भी चलाये जाने की संभावना है।

**अत्याधुनिक और आरामदायक ट्रेन है वंदे भारत एक्सप्रेस**

अत्याधुनिक और आरामदायक ट्रेन है। लंबी दूरी की यात्रा को सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से जल्द ही स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की भी शुरूआत होने वाली है। वर्तमान में रांची से पटना, रांची से कोलकाता और रांची से बनारस के लिए वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

## कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने दीपेश पाठक बाबा

संवाददाता

**रांचीः** कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के अध्यक्ष अंजनी पांडे और जनरल सेक्रेटरी कुमार रवि चौबे के निर्देश अनुसार पूर्व में रहे यूथ इंटक झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपेश पाठक को झारखंड कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। साथ में रांची जिला क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। दीपेश पाठक बाबा ने कहा कि हमेशा दबे कुचले मजदूर शोषित हुए मजदूरों की आवाज बना ही एकमात्र मेरा संकल्प है अपने आदर्श स्वर्गीय उदय शंकर ओझा को याद करते हुए कहा जब तक जीवित रहूंगा तब तक मजदूरों के हित के लिए ही लगातार उनकी आवाज बनकर खड़ा रहूंगा दीपेश पाठक बाबा के पूर्व पदाधिकारी



गण में खासा उत्साह देखने को मिला दीपेश पाठक बाबा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में मजदूर एक रीड की हड्डी के बराबर काम करती है लेकिन मजदूरों को सम्मान और उनका मलिक आना हक नहीं मिलता उनको उनका हक दिलाना मूलभूत कार्यक्रम रहेगा।

### राजभवन में यूपी, त्रिपुरा, मणिपुर व मेघालय के स्थापना दिवस का आयोजन

# यह समारोह हमारी सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक : रापज्यपाल

संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन में संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय के राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर कहा कि यह समारोह हमारी सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस है और 21 जनवरी को त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय का स्थापना दिवस था। वे 21 जनवरी को राज्य के बाहर दौरे के कारण उस दिन नहीं मनाया जा सका था और संयुक्त रूप से चारों राज्य का आज स्थापना दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया।

राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं भी उत्तर प्रदेश के बरेली से आते हैं। यह प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रसिद्ध है। वाराणसी, अयोध्या और मथुरा जैसे स्थान देश और विश्व के लिए विशेष महत्व रखते हैं। उत्तर प्रदेश विश्वविख्यात ताजमहल से लेकर पवित्र गंगा नदी तक, दुनिया के हर कोने से लोगों को आकर्षित करता है। प्रयागराज कुंभ मेले के लिए प्रसिद्ध है, जो हर 12 वर्षों में आयोजित होता है और करोड़ों श्रद्धालु व पर्यटक कुंभ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने आते हैं। इस वर्ष का महाकुंभ, जो 144 वर्षों बाद आया है, करोड़ों श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है और देश-विदेश से लोग आ रहे हैं। राज्यपाल ने कहा त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर राज्य हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने त्रिपुरा के खारची और गरिया पूजा, मणिपुर के नृत्य रूपों और मेघालय की मातृसत्तात्मक परंपराओं का उल्लेख करते हुए इन्हें भारत की सांस्कृतिक विविधता की अनमोल धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर सपूत परमवीर अल्बर्ट एक्का ने 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान अगरतला के निकट मातृभूमि की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी।

राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की एक अद्भुत पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों के बीच परस्पर संवाद और समझ को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति का सम्मान करते हुए दूसरों की संस्कृति को समझने और आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**संदिग्ध अपराधकर्मी**

उपरोक्त संदिग्ध अपराधकर्मी दिनांक–26.10.2024 को ए0टी0एम0 बदल कर पैसा की अवैध निकासी कि गई है। अनुसंधान के कम में S.B.I दीपाटोली शाखा से संदिग्ध अपराधकर्मी का सी0सी0टी0वी0 फूटेज प्राप्त किया गया है। जिसके संबंध में सदर थाना काण्ड संख्या–464/2024, दिनांक –26.10.2024, धारा– 316(2) /(318)(4)/111(2)(b) /3(5) B.N.S बी0एन0एस0 दर्ज कर संदिग्ध अपराधकर्मी की खोजबीन की जा रही है।

उपरोक्त संदिग्ध अपराधकर्मी आपके क्षेत्र में या आपके आसपास नजर आते हैं तो इसके संबंध में कृपया नीचे अंकित मोबाईल नम्बर/फोन नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते है। इनकी खोजबीन हेतु जनसाधारण का सहयोग अपेक्षित प्रतीत होता है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि संदिग्ध अपराधकर्मी कहीं मिलते/ दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर रॉंची। – 9431102090


थाना प्रभारी, सदर, रॉंची – 9431706160

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 344981 (Police)24-25*D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–दिलीप कुमार ठाकुर,उम्र–55 वर्ष,रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, 5 ईंच पहनावा–सफेद रंग का शर्ट एवं काला रंग का पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता दिलीप कुमार ठाकुर, उम्र–55 वर्ष, पिता–स्व0 प्रभुदयाल ठाकुर, स्थायी पता–ग्राम मतवे, पोस्ट–चकमे, थाना–बुढमु, जिला–रॉंची वर्तमान पता–मकान मालिक–स्व0 विश्वनाथ गुप्ता, मिलन चौक खादगढा, सुखदेवनगर थाना के पीछे किराये का मकान, जिला–रॉंची जो दिनांक–30.11.2024 को घर से कचहरी जाने को कहकर निकले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में सुखदेवनगर थाना सनहा संख्या–19/2024 दिनांक–15.12.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉंची। –9431770077

थाना प्रभारी सुखदेवनगर, रॉंची। –9431788800

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 344991 Police(24-25).D

### आर्ट ऑफ गिविंग की रांची इकाई ने किया मैराथन आयोजित

# खेल,शिक्षा और समाजसेवा का अद्भुत संगम

संवाददाता

रांची : केआइआइटी, केआइएसएस एवं आर्ट ऑफ गिविंग के प्रणेता प्रो।अच्युता सामंत की सोच को अमली जामा पहनाने की दिशा में आर्ट ऑफ गिविंग की रांची इकाई द्वारा आयोजित मैराथन का समापन आज शनिवार को हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने मैराथन का उद्घाटन कर इसे ऐतिहासिक बनाने में अहम भूमिका निभाई।

इस दौड़ की शुरूआत एचईसी क्षेत्र के सेक्टर 3 मैदान से हुई और धुर्वा गोलचक्कर, विधानसभा मार्ग




होते हुए सेक्टर 3 मैदान के पास ही संपन्न हुई।

इस मैराथन के आयोजन का उद्देश्य न सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा देना, बल्कि समाज में एकजुटता और जागरूकता का संदेश देना भी था। इस दौरान प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। इसमें रांची वासियों का भरपूर समर्थन और उत्साह देखा गया।

**प्रो।अच्युत सामंत के प्रति सम्मानः** कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने प्रतिष्ठित शिक्षाविद और समाजसेवी प्रो।अच्युत सामंत के उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रो।सामंत द्वारा शिक्षा और समाज के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व योगदान की सराहना की और उन्हें मुबारकबाद देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास युवाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम में सुनील सहाय, विकास वर्मा, विश्वजीत नंदी, संजय कुमार, उत्तम राज सहित अन्य ने भी भाग लिया। इन सभी ने आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह समाज में जागरूकता लाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने वाला एक मंच भी था। प्रतिभागियों और आयोजकों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस मैराथन ने रांचीवासियों के दिलों में एक खास जगह बनाई है और इसे आने वाले वर्षों में और बड़े स्तर पर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## सुविचार

**हमारा अस्तित्व हमारे कर्म से है
किसी के नजरिये से नहीं है**

## नकली दुनिया की पोल खोलता आईआईटी बाबा

एक दिन जब आईआईटी बाबा अभय सिंह का वीडियो देखा तो मेरा नजरिया बदल गया। मान लीजिए आपके पास सबकुछ है- मसलन, आईआईटी बॉम्बे की डिग्री, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग करियर और एक ऐसा जीवन जिसकी ज्यादातर लोग सिर्फ कल्पना कर सकते हैं। लेकिन हमेशा की तरह चलने के बजाय उन्होंने ऐसा चुनाव किया जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने ज्यादा आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए सबकुछ त्याग दिया। पहले यकीन नहीं हुआ-कोई इतना उज्ज्वल भविष्य क्यों छोड़ेगा? लेकिन जैसे-जैसे उन्हें बात करते सुना, सबकुछ समझ में आने लगा। उन्होंने जीवन में वास्तविक उद्देश्य, शांति और अर्थ खोजने के महत्त्व पर चर्चा की- ऐसी चीजें जिन्हें कोई भी धन या सफलता खरीद नहीं सकती। यह एक प्रेरक कहानी थी। इसने मुझे यह एहसास दिलाया कि जीवन सिर्फ समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने या भीड़ का अनुसरण करने के बारे में नहीं है बल्कि अपना रास्ता खोजने के बारे में है। मैंने पहले सोचा,₹एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है?₹ फिर मुझे समझ में आया कि ₹बचपन का सदमा₹शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा। जहाँ कई लोग उनकी प्रशंसा कर रहे थे,वहीं दूसरे लोग उन्हें नजरअंदाज कर रहे थे। यहाँ मेरा उद्देश्य किसी भी तरह से उनका बचाव करना नहीं है। बहुत शोर मचाया जा रहा है कि आईआईटी बाबा ने सरकारी फंड वाली सीट बरबाद कर दी। मेरी राय में जो लोग ऐसा कहते हैं,उन्हें कुछ बुनियादी बातों को समझने की जरूरत है। बहुत ज्यादा पढ़ाई करने के बाद अभय सिंह को आईआईटी में दाखिला मिल गया और उन्होंने अपनी डिग्री हासिल की। उन्होंने कोर्स में कोई बाधा नहीं डाली। फिर,इस तर्क से आईआईटी के बाद एमबीए और यूपीएससी करने वालों ने सीटें बरबाद कर दीं। तो फिर, मुझे बताइए कि उन्होंने सीटें कैसे बर्बाद कीं। अगर उन्होंने कोर्स पूरा नहीं किया होता तो भी यह तर्क कुछ हद तक सही होता लेकिन चूँकि उन्होंने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग पूरी की है इसलिए किसी को यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने अपनी सीट बर्बाद कर दी। देखिए कि उनका नजरिया कितना बेहतरीन है। उनके पास सबकुछ था- सबसे अच्छी औपचारिक शिक्षा, सबसे अच्छी नौकरी, विदेश यात्रा, गर्लफ्रेंड और रिश्ते। फिर उन्होंने अपने अंदर खालीपन महसूस किया और संन्यास की राह पर चलने का फैसला किया। मुझे कहना होगा कि वे एक ईमानदार व्यक्ति लगते हैं। वे हरियाणा के मूल निवासी हैं। झज्जर, हरियाणा में ही उनका जन्म हुआ। उनकी माँ घर पर रहती हैं जबकि उनके पिता वकालत करते हैं। उन्होंने झज्जर में पढ़ाई की। वे कम उम्र से ही असाधारण छात्र थे। आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। फिर उन्हें तीन लाख रुपये का पैकेज मिला और वे अपनी नौकरी के लिए कनाडा चले गए। लॉकडाउन के कारण वे कनाडा में ही फंस गए। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन पर अधिक चिंतन करना शुरू किया। भारत आने के बाद वे एक नए आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े। वे बहुत-सी तीर्थयात्राओं पर गए। वे अपनी वर्तमान जीवनशैली से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए वे बहुत आध्यात्मिक हो गए। वे हमेशा अपना घर छोड़ना चाहते थे। आध्यात्मिक शब्दावली में वह चीज जो सब कुछ पार कर जाती है उसे ₹सत्य₹ कहा जाता है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि हर कोई मेरी आईआईटी डिग्री को ही दशार्ता है। मैं उस पर ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहता। व्यक्तिगत रूप से मैं उससे कहीं ज्यादा हूँ। उन्होंने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। चूँकि उन्होंने होशपूर्वक जीवन जिया और चले गए इसलिए उनके विचार बहुत शुद्ध हैं। इसलिए, कृपया उन्हें पाखंडी कहना बंद करें। अपनी आध्यात्मिक यात्रा में वे ईमानदार और प्रतिबद्ध हैं। सत्य और जीवन के उद्देश्य की निरंतर खोज के माध्यम से ही औसत व्यक्ति आध्यात्मिकता से प्रबुद्ध होता है। यू ट्यूबर ने बाबा अभय सिंह का साक्षात्कार लिया। इसके बाद, उन्होंने खुलासा किया कि आध्यात्मिकता को आगे बढ़ाने के लिए सबकुछ छोड़ने से पहले वे आईआईटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर रहे थे। अभय सिंह चाहते तो अपने आईआईटी के नाम का इस्तेमाल एक सफल व्यवसाय शुरू करने और बाबा बनने के लिए कर सकते थे। हमने बहुत से आध्यात्मिक गुरुओं को देखा होगा जो खुद को मार्केट करने के लिए आईआईटी,आईआईएम टैग का इस्तेमाल करते हैं। इंटरव्यू के दौरान,अभय सिंह ने पहले रिपोर्टर को यह भी नहीं बताया कि वह एक आईआईटीयन हैं। अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि के बारे में रिपोर्टर के सवाल के जवाब में अभय सिंह ने जवाब दिया,₹हाँ,मैं आईआईटी बॉम्बे से हूँ।₹ अभय सिंह ने सच की तलाश करके वाकई मिसाल कायम की है। आप उनके इंस्टाग्राम पर जाकर देख सकते हैं कि वह कितने ज्ञानी हैं। प्रशंसा वास्तव में उस व्यक्ति की है जिसने सबकुछ त्याग दिया है और आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहा है। उसने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। ₹जो शून्य हैं वही शिव से मिल सकते हैं₹उनके दो उद्धरणों में से एक है जिसे हमेशा याद रखूँगा- ₹कहाँ जाओगे चलते चलते? यहीं आओगे।₹

# विकसित भारत 2047 के लिए कृषि सुधारों में व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक

**एमएसपी और मुफ्त बिजली ने पंजाब और हरियाणा को चावल पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर किया है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचा है और भूजल कम हो गया है। विशेष रूप से चावल और गेहूँ के लिए, प्रणाली खुली खरीद में बदल गई, जिसके कारण अक्षमताएँ और अधिशेष सूची बन गई।**

**प्रियंका सौरभ**

1965 की एमएसपी व्यवस्था, जिसने मूल्य स्थिरता की गारंटी दी थी, तब से लेकर आज बाजार एकीकरण, स्थिरता और कल्याण की जटिल समस्याओं से निपटने तक भारत के कृषि सुधारों में नाटकीय रूप से बदलाव आया है। एमएसपी में बदलाव और पीएम-किसान जैसे कार्यक्रमों के बारे में हाल की चर्चाएँ कल्याण और अर्थशास्त्र के बीच संतुलन बनाने के प्रयासों को दशार्ती हैं। फिर भी, विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने के लिए टिकाऊ कृषि को आगे बढ़ाना आवश्यक है। चावल और गेहूँ के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करके, खाद्यान्न की कमी को कम करने के लिए एमएसपी प्रणाली लागू की गई थी। उदाहरण के लिए, 1966 में मैक्सिकन गेहूँ की किस्मों का आयात करके, भारत ने हरित क्रांति की शुरूआत की, जो चावल और गेहूँ के लिए गारंटीकृत एमएसपी पर निर्भर थी। राजनीतिक दबावों के कारण अंततः अधिक फसलों को कवर करने के लिए एमएसपी का विस्तार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असंतुलन हुआ। एमएसपी और मुफ्त बिजली ने पंजाब और हरियाणा को चावल पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर किया है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचा है और भूजल कम हो गया है। विशेष रूप से चावल और गेहूँ के लिए, प्रणाली खुली खरीद में बदल गई, जिसके कारण अक्षमताएँ और अधिशेष सूची बन गई। भारतीय खाद्य निगम के पास चावल का भंडार बफर आवश्यकताओं से लगभग तीन गुना अधिक है, जिससे बबार्दी और भंडारण की समस्याएँ पैदा होती हैं। बिजली, उर्वरक और सिंचाई सब्सिडी की शुरूआत ने किसानों की लागत कम की, लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुँचाया और मिट्टी को खराब किया। पंजाब में ट्यूबवेल के लिए मुफ़्त बिजली देने से भूजल स्तर में खतरनाक गिरावट आई है। प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण और डिजिटल लाभार्थी रिकॉर्ड हाल के सुधारों के दो उदाहरण हैं जो दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण पर जोर देते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि बिचौलियों को खत्म करती है और किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता देकर लक्षित लाभ वितरण सुनिश्चित करती है। मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और भूजल की कमी को कम करने के लिए, किसानों को गेहूँ और चावल जैसी पानी की अधिक खपत वाली फसलों से दलहन, तिलहन और बाजरा उगाने के लिए प्रोत्साहित करें। ओडिशा बाजरा मिशन बाजरा के उत्पादन को प्रोत्साहित करता है, जो पानी की अधिक खपत वाली धान की खेती के उपयोग को कम करते हुए मिट्टी की गुणवत्ता और आय में सुधार करता है। किसानों को उचित मूल्य मिले और विशेष फसलों के अधिक उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए एमएसपी के स्थान पर मूल्य कमी भुगतान योजनाओं का उपयोग किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश में, किसानों को भावांतर भुगतान योजना के माध्यम से बाजार मूल्य घाटे के लिए मुआवजा मिलता है, जो बाजार की गतिशीलता को बदले बिना आय स्थिरता बनाए रखता है। ड्रिप सिंचाई और जैविक खेती जैसी पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, उर्वरक और बिजली सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना। पीएम-कुसुम कार्यक्रम सौर ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई पंपों को प्रोत्साहित करता है, जो सरकारी सब्सिडी वाली बिजली और भूजल निष्कर्षण पर निर्भरता को कम करता है। किसानों को फसल चयन, मृदा स्वास्थ्य और जल उपयोग के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करें ताकि संसाधनों को संधारणीय तरीके से अधिकतम किया जा सके। तमिलनाडु में कीटनाशकों को छिड़कने के लिए ड्रोन का उपयोग करने से प्रभावशीलता और पर्यावरण सुरक्षा की गारंटी के साथ-साथ बबार्दी कम होती है। कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और जल्दी खराब होने वाले सामानों के लिए समान मूल्य निर्धारण की गारंटी के लिए प्रभावी कोल्ड स्टोरेज सुविधाएँ और मूल्य श्रृंखलाएँ बनाएँ। मजबूत आपूर्ति और भंडारण नेटवर्क स्थापित करके, ऑपरेशन ग्रीन्स आलू, टमाटर और प्याज की कीमतों को स्थिर करना चाहता है। समान वितरण सुनिश्चित करने और संसाधनों की बबार्दी को कम करने के लिए, किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण को इनपुट सब्सिडी की जगह लेनी चाहिए। उर्वरक वितरण में डीबीटी डायवर्जन को रोककर यह गारंटी देता है कि सब्सिडी योग्य किसानों को प्रभावी ढंग से वितरित की जाती है। उत्पादकता बढ़ाने वाले तरीकों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए छोटे किसानों और बटाईदारों को खुली, विनियमित भूमि पट्टे पर देने की अनुमति देना है। आंध्र प्रदेश की भूमि पट्टा नीति किरायेदार किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे उन्हें लाभ और संस्थागत ऋण तक पहुँच आसान हो जाती है। बाजार की पहुँच बढ़ाने और बबार्दी को कम करने के लिए भंडारण सुविधाओं, सिंचाई प्रणालियों और ग्रामीण सड़कों पर सार्वजनिक खर्च को बढ़ावा दें। शुष्क क्षेत्रों में, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ने सिंचाई कवरेज और जल उपयोग दक्षता में सुधार किया है। जलवायु परिवर्तन से निपटने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए, कृषि वानिकी और सूखा प्रतिरोधी किस्मों के विकास का समर्थन करें।

# नकली दुनिया की पोल खोलता आईआईटी बाबा

**क्षा में आत्मनिर्भरता के प्रति भारत का समर्पण एक प्रमुख हथियार आयातक से स्वदेशी निर्माण के उभरते केंद्र में इसके परिवर्तन से प्रदर्शित होता है। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक सरकारी नीतियों द्वारा संचालित घरेलू रक्षा उत्पादन में रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की।**

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

हमारा राष्ट्र पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन जैसे दुश्मनों से घिरा हुआ है, जो सीमाओं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संचालन के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके हमारे महान राष्ट्र को कमजोर करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न राज्यों में उग्रवादी नक्सलियों को विकसित कर रहे हैं, विभिन्न राज्यों में अशांति पैदा करने के लिए बौद्धिक शहरी नक्सलियों को भी विकसित कर रहे हैं। हम पहले से जानते हैं कि यदि कोई देश सैन्य रूप से कमजोर है और उसके पास मजबूत हथियार, आयुध और गोला-बारूद की कमी है तो अन्य देश स्थिति का लाभ उठाएँगे, जैसा कि हमने 2014 से पहले देखा है। मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में स्थिति बदल गई है। आईए देखें कि हमारी रक्षा स्थिति सैन्य और वित्तीय दोनों रूप से कैसे बदल गई। रक्षा में आत्मनिर्भरता के प्रति भारत का समर्पण एक प्रमुख हथियार आयातक से स्वदेशी निर्माण के उभरते केंद्र में इसके परिवर्तन से प्रदर्शित होता है। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक सरकारी नीतियों द्वारा संचालित घरेलू रक्षा उत्पादन में रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की। पहले अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकताओं पर निर्भर रहने वाला भारत अब अपनी सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर विनिर्माण को प्राथमिकता देता है, जो राष्ट्रीय लचीलापन सुधारने और बाहरी स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने की उसकी महत्वाकांक्षा की पुष्टि करता है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन को जाता है। डीपीएसयू, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और निजी कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46,429 करोड़ रुपये से 174% बढ़कर 1,27,265 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। ऐतिहासिक रूप से, भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, जिसमें लगभग 65-70% रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। हालाँकि, माहौल काफी बदल गया है, अब 65% से अधिक रक्षा उपकरण भारत में बनाए जाते हैं। यह परिवर्तन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए देश की प्रतिबद्धता को दशार्ता है और इसके रक्षा औद्योगिक आधार की ताकत को उजागर करता है, जिसमें 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयाँ (उद्धरव), 430 से अधिक लाइसेंस प्राप्त कंपनियाँ और लगभग 16,000 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए) शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से इस उत्पादन का 21% निजी क्षेत्र से आता है, जो भारत के आत्मनिर्भरता के मार्ग को बढ़ावा देता है। धनुष आर्टिलरी गन सिस्टम, एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस), मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस, पनडुब्बियां, फ्रिगेट, कोरवेट और हाल ही में कमीशन किए गए आईएनएस विक्रांत जैसे प्रमुख रक्षा प्लेटफॉर्म मेक इन इंडिया पहल के हिस्से के रूप में विकसित किए गए हैं, जो भारत की बढ़ती रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं। वार्षिक रक्षा उत्पादन ?1.27 लाख करोड़ से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में ?1.75 लाख करोड़ को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर ?3 लाख करोड़ करना है, जिससे वह खुद को दुनिया भर में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सके। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में ?686 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में ?21,083 करोड़ हो गया है, यह उपलब्धि सरकार द्वारा किए गए प्रभावी नीतिगत सुधारों, पहलों और व्यापार करने में आसानी में सुधार का परिणाम है, जिसका लक्ष्य रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में 32.5% की वृद्धि हुई, जो ?15,920 करोड़ थी। भारत के निर्यात पोर्टफोलियो में उन्नत रक्षात्मक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जैसे बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट, डोर्नियर (उड्ड-228) विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, त्वरित इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के टॉरपीडो। एक उल्लेखनीय विशेषता रूसी सेना के उपकरणों में 'मेड इन बिहार' बूटों को शामिल करना है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में भारतीय उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही देश के मजबूत विनिर्माण मानकों को भी प्रदर्शित करता है। भारत वर्तमान में 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है, जिसमें 2023-24 में रक्षा निर्यात के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया पहले से तीसरे स्थान पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है ' प्रमुख सरकारी पहल हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने देश की रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी परियोजनाएँ शुरू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, घरेलू विनिर्माण में सुधार करना और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (ऋछ्क) की सीमाओं को उदार बनाने से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने तक, ये कदम भारत के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

निम्नलिखित बिंदु उन महत्वपूर्ण सरकारी प्रयासों का सारांश देते हैं जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदारीकृत ऋछ्कनीतिः 2020 में, रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (ऋछ्क) की सीमा को नए रक्षा औद्योगिक लाइसेंस चाहने वाली कंपनियों के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 74% तक बढ़ा दिया गया था और आधुनिक तकनीकों तक पहुँच की उम्मीद करने वालों के लिए सरकारी मार्ग के माध्यम से 100% तक बढ़ा दिया गया था। 9 फरवरी, 2024 तक, रक्षा फर्मों ने ?5,077 करोड़ का एफडीआई घोषित किया है। रक्षा मंत्रालय का 2024-25 के लिए बजट आवंटन ?6,21,940.85 करोड़ है, जो कि मौजूदा बजट सत्र के दौरान संसद में पेश की गई ₹अनुदान मांग₹ का हिस्सा है।

घरेलू खरीद को प्राथमिकताः रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी)-2020 घरेलू स्त्रोतों से पूंजीगत उत्पादों की खरीद पर जोर देती है। सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियाँः सेवाओं की कुल 509 वस्तुओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) से 5,012 वस्तुओं की पाँच 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों' की अधिसूचना, निर्दिष्ट समय सीमा के बाद आयात पर प्रतिबंध के साथ तैयार की गई है।सरलीकृत लाइसेंस प्रक्रियाः औद्योगिक लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और लंबी वैधता अवधि प्रदान करना। निष्कर्ष रक्षा में आत्मनिर्भरता के लिए भारत का मार्ग आयात पर निर्भरता से आत्मनिर्भर विनिर्माण केंद्र बनने की ओर एक क्रांतिकारी बदलाव को दशार्ता है। घरेलू उत्पादन और निर्यात में रिकॉर्ड परिणाम राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और मजबूत रक्षा उपायों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।रणनीतिक नीतियों के साथ, स्वदेशीकरण पर बढ़ते जोर और एक संपन्न रक्षा औद्योगिक आधार के साथ, भारत न केवल अपनी सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है बल्कि वैश्विक हथियार बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए भी तैयार है। भविष्य के उत्पादन और निर्यात के लिए स्थापित किए गए ऊंचे लक्ष्य दुनिया भर में एक भरोसेमंद रक्षा भागीदार के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। भारत जैसे-जैसे उद्योगों में नवाचार और सहयोग करना जारी रखता है, वह वैश्विक रक्षा विनिर्माण में मजबूत खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की राह पर है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## माघ कालाष्टमी व्रत से होते हैं सभी मनोरथ पूरे

माघ कालाष्टमी है, इस दिन विधिवत काल भैरव की पूजा और कालाष्टमी व्रत कथा का पाठ करने से मनुष्य के सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। काल भैरव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं और उन्हें सफलता प्रदान करते हैं तो आइए हम आपको माघ कालाष्टमी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। जानें माघ कालाष्टमी के बारे में माघ कालाष्टमी के व्रत का विशेष महत्व है। यह माघ महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस पवित्र दिन पर भगवान भैरव के भक्त उनका आशीर्वाद पाने के लिए उपवास रखते हैं और विशेष पूजा करते हैं। कालाष्टमी भगवान शिव के उग्र रूप भैरव बाबा की पूजा के लिए समर्पित है। पंडितों के अनुसार इस व्रत का पालन करने से जीवन की सारी नकारात्मकता दूर होती है और सभी संकटों का नाश होता है। कालाष्टमी के दिन भगवान शंकर के भैरव स्वरूप की उपासना की जाती है। दरअसल भैरव के तीन रूप हैं- काल भैरव, बटुक भैरव और स्वर्णाकर्षण भैरव। कालाष्टमी के दिन इनमें से काल भैरव की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान शंकर के काल भैरव स्वरूप की उपासना करने से जीवन की सारी परेशानियां दूर होंगी और आपकी मनचाही मुरादें पूरी होंगी। काल भैरव मुख्य रूप से तंत्र-मत्र के देवता माने गए हैं। ये भगवान शिव के उग्र स्वरूप हैं जिनकी आराधना से भगवान शिव भी प्रसन्न होते हैं। शास्त्रों के अनुसार इनकी पूजा से रोग दूर होते हैं व दुश्मनों आदि से मुक्ति मिल सकती है।

**माघ कालाष्टमी का शुभ मुहूर्त**

माघ माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 21 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट पर शुरू हो रही है। साथ ही अष्टमी तिथि का समापन 22 जनवरी को दोपहर 03 बजकर 18 मिनट पर होने जा रहा है। कालाष्टमी की पूजा निशिता काल में करने का विधान है। ऐसे में माघ माह की मासिक कालाष्टमी का व्रत मंगलवार, 21 जनवरी को किया जाएगा।

**माघ कालाष्टमी पर बन रहे हैं ये शुभ योग**

हिंदू पंचांग को देखते हुए साल की पहली मासिक कालाष्टमी के दिन द्विपुष्कर योग बन रहा है। इस शुभ दिन पर द्विपुष्कर योग सुबह 07 बजकर 14 मिनट से दोपहर 12 बजकर 39 मिनट तक रहेगा। इसके साथ ही अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से दोपहर 12 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। इसके बाद अमृत काल शाम 04 बजकर 23 मिनट से शाम 06 बजकर 11 मिनट तक रहेगा। वहीं, विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 19 मिनट से दोपहर 03 बजकर 01 मिनट तक रहेगा।

**माघ कालाष्टमी व्रत से जुड़ी पौराणिक कथा भी है रोचक**

शिवपुराण के अनुसार कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान कालभैरव का जन्म हुआ था। पंडितों के अनुसार काल भैरव के व्रत का पालन करने से भक्तों की समस्त इच्छाएं पूरी हो जाती हैं और तंत्र-मंत्र या जादू-टोने से जुड़ी हर प्रकार की बाधा समाप्त हो जाती है। ज्योतिषीय दृष्टि से, काल भैरव की पूजा करने से नवग्रहों के अशुभ प्रभाव खत्म हो जाते हैं, जिससे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। प्राचीन काल की एक कथा के अनुसार, भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश के बीच यह प्रश्न उठा कि उनमें से सबसे श्रेष्ठ कौन है। इस विवाद को सुलझाने के लिए सभी देवी-देवताओं की सभा का आयोजन हुआ। गहन विचार-विमर्श के बाद भगवान शिव और विष्णु ने सभा के निर्णय को स्वीकार कर लिया, लेकिन ब्रह्मा जी असंतुष्ट रहे। उन्होंने भगवान शिव का अपमान करने का प्रयास किया, जिससे शिव अत्यधिक क्रोधित हो गए। ऐसे में भगवान शिव ने अपने रौद्र रूप में काल भैरव को प्रकट किया। काल भैरव काले कुत्ते पर सवार होकर हाथ में दंड लिए प्रकट हुए थे। उन्होंने क्रोध में ब्रह्मा जी पर प्रहार कर उनके एक सिर को अलग कर दिया।

## अध्यात्म

### सुबह-सुबह होने वाली एसिडिटी से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए करें ये उपाय

अगर आपको भी सुबह-सुबह एसिडिटी परेशान करती है, जो कि यह एक आम समस्या है। आमतौर पर इस तरह की समस्या गलत खानपान, तनाव और अन्य लाइफस्टाइल से संबंधित अन्य कारणों से होती है। चलिए आपको बताते हैं इन नुस्खों के बारे में बताते हैं।

**नींबू और अदरक**

रोजाना सुबह उठते ही आपको 1 गिलास पानी में नींबू का रस और अदरक का टुकड़ा मिलाकर पीने से एसिडिटी में राहत मिलती है। जब आप सुबह उठ जाए तो इस नुस्खा को जरुर अजमाएं। यह काफी फायदेमंद होता है।

**आंवला का जूस**

गैस में राहत के लिए आंवला काफी फायदेमंद होता है। आंवला एक प्राकृतिक एंटासिड है जो एसिडिटी को को कम करने में सहायक है। इसके लिए आंवला के छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर गर्म पानी की बोतल में रखकर पूरे दिन भी पी सकते हैं। यह आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है।

**दही का सेवन करें**

दही में प्रोबायोटिक्स होता है, जो पेट की सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। अगर आप नाश्ते में दही का सेवन करते है, तो एसिडिटी दूर होगी। इतना ही नहीं, दही आपकी पेट की गर्मी को भी दूर करता है।

**पुदीना होगा फायदेमंद**

पुदीना में भी प्राकृतिक एंटासिड है जो एसिडिटी को कम करने में मदद करता है। आप पुदीने की पत्तियों का जूस या पुदीने की चाय पी सकते हैं।

**नारियल पानी**

सुबह-सुबह नारियल का पानी पीना काफी हेल्दी होता है। नारियल पानी में पोटैशियम होता है जो एसिडिटी को कम करने में मदद करता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# गणतंत्र दिवस से पूर्व फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। मुख्य समारोह स्थल सिद्धों कान्हो स्टेडियम में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आज जवानों, एनसीसी के छात्र, विभिन्न विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया। जिसका निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस क्रम में टुकड़ियों ने परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर और सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का नेतृत्व किया। उपायुक्त ने सभी जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए परेड को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। परेड के पूर्वाभ्यास से पहले उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सिद्धों कान्हो कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान उपायुक्त ने ध्वजारोहण का पूर्वाभ्यास किया एवं जवानों की टुकड़ियों द्वारा किये गए परेड कि सलामी ली। मौके पर स्कूली छात्राओं की ओर से राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास किया गया।ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन और परेड के बाद जिला प्रशासन की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।वहीं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। मुख्य समारोह स्थल पर अतिथियों और लोगों की बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

ध्वजारोहण हेतु समय सारणीः उपायुक्त गोपनीय कार्यालय पूर्वाह्न 8:15 बजे, मुख्य आयोजन स्थल सिद्धो- कान्हो स्टेडियम में पूर्वाह्न 9:05 पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। जबकि समाहरणालय साहिबगंज में 10:35 बजे। विकास भवन साहिबगंज में 10:50 जैप- 9 साहिबगंज में 11:05 बजे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 11:30 एवं पुलिस लाईन कार्यालय में 11:45 अनुमंडल कार्यालय साहिबगंज में 11:55 बजे ध्वजारोहण जाएगा। जबकि कार्यालय एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण समारोह मुख्य झंडोतोलन के पूर्व किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी निर्धारित है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 25 जनवरी संध्या 6:00 से पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल साहिबगंज में किया जाना है। मुख्य आयोजन स्थल पर परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के अलावे अपर समाहर्ता गौतम भगत,परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास,जिले के वरीय पदाधिकारी गण व अन्य उपस्थित ।

# रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर छह लोगों पर जानलेवा हमला



मेट्रा रेज

**जमुआ :** थाना क्षेत्र के मेंढ़ोचपरखो पंचायत अंतर्गत पन्नियां गांव में दो पक्षों के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। इसमें एक पक्ष से लक्ष्मण यादव, संजय यादव, अनूपा देवी, कुंती देवी, पवन यादव व बीरेंद्र यादव जख्मी हो गये।

प्रथम पक्ष के लक्ष्मण यादव ने कहा कि शुक्रवार को वह और उसके सभी परिजन घर पर काम कर रहे थे। इस दौरान पंचायत के मुखिया व वार्ड सदस्य रास्ते के विवाद की जांच कर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में आरोपी रास्ते की घेराबंदी करने लगे। लक्ष्मण का बेटा पवन यादव इसका वीडियो बना रहा था। इस दौरान मिट्ठू यादव ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। इसमें पवन गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जब वह बेहोश होकर गिर पड़ा तो बचाने गयी अनूपा देवी पर नारायण यादव ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

इसके अलावा बीरेंद्र यादव, कुंती देवी व संजय यादव पर भी जानलेवा हमला कर दिया। सभी का इलाज जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। यहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। जख्मी पवन यादव ने कहा कि इस रास्ते की जमीन को लेकर जमुआ थाना परिसर में सामाजिक पंचायत की जा चुकी है। इसमे पंचों ने हमलोगों के पक्ष में निर्णय दिया था। इसके बाद भी आरोपी रास्ते का अतिक्रमण कर घर जाने से रोकते हैं। इस मामले को लेकर खोरीमहुआ कोर्ट ने भी हमलोगों के पक्ष में निर्णय दिया है इसके बावजूद आज हम सभी पर हमला कर दिया गया। इस दौरान एक गर्भवती महिला के साथ धक्का-मुक्की भी की गयी। उसका इलाज किया जा रहा है।

# फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



मेट्रा रेज

**पचंबा :** थाना पुलिस ने जमुआ थाना क्षेत्र में वाहन में लूट के आरोपी परगोडीह निवासी बिहारी उर्फ बबलू यादव के घर में इश्तेहार चिपकाया और कुर्की की चेतावनी दी है। बताया गया कि यदि आरोपी गिरिडीह कोर्ट में 27 फरवरी तक हाजिर नहीं होगा, तो उसके घर की कुर्की की जायेगी।

बताया गया कि घटना वर्ष 2022 की 18 जून की है। नगर थाना क्षेत्र में स्थित शारदा ट्रेडर का मुंशी सामान सप्लाई करने पिकअप वैन लेकर जमुआ थाना क्षेत्र के मिजार्गंज गया हुआ था। वापस लौटने के क्रम में पचंबा थाना क्षेत्र के चितरडीह स्थित मंडल होटल के समीप तीन बाइक पर सात सवार पहुंचे और वाहन रोक दिया। नकली पिस्टल दिखाकर वाहन में घुस गए और 4.50 लाख रुपये लूटकर फरार हो गये। इसके बाद भुक्तभोगी ने पचंबा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। जांच के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता पायी। चार आरोपी पुलिस के दबाव के वजह से सरेंडर कर दिये। इसके साथ ही घटना में प्रयोग की गयी तीन बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली। लेकिन, एक आरोपी बिहारी उर्फ बबलू यादव फरार हो गया और अभी तक पुलिस के गिरफ्त में नहीं आया। इसके बाद कोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को पचंबा थाना की पुलिस ने जमुआ पुलिस के सहयोग से उसके घर के बाहर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया।

# उद्भेदन : जमीन विवाद में भतीजे ने करवाई थी चाचा की हत्या

मेट्रा रेज

**साहिबगंजः** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा लोहंडा के खुजली झरना के निकट एक गड्ढे से 23 दिसंबर को बरामद हुई अधजली लाश मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। जिरवाबाड़ी थाना में शुक्रवार को सदर एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मृतक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी भागियामारी निवासी पृथ्वी सोरेन के रूप में हुई थी। मामले में मृतक की पत्नी मरांग कुड़ी मुर्मू के आवेदन पर जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 207/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया था। मामले के उद्भेदन के लिए एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में तकनीति सहयोग से छोटी भागियामारी निवासी शेखर सोरेन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। शेखर सोरेन ने पुलिसिया पूछताछ में छोटी भागियामारी निवासी महिला ताला कुड़ी सोरेन, नीरा पाड़ा निवासी गंगा सोरेन व अन्य की संलिप्तता बताई। जिसके आधार पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में ये बात सामने आई कि महिला ताला कुड़ी सोरेन ने पुराने जमीन विवाद में अपने चाचा पृथ्वी सोरेन की हत्या करवा दी। उनके पास से एक कीपैड मोबाइल बरामद किया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ किशोर तिर्की, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, पुअनि लव कुमार, बंटी यादव, दीपक क्रिएसन व सशस्त्र बल शामिल थे।

# सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता अभियान

मेट्रा रेज



**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया गया है।

साहिबगंज केंद्रीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह द्वारा 500 से अधिक विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया साथ ही सड़क सुरक्षा का नियम, के साथ यातायात नियमों का पालन करना तथा अपने परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट इत्यादि लगाने को कहना एवं नशे तथा मोबाइल का प्रयोग कर वाहन न चलने को कहा गया।जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वारा सभी बच्चों को संदेश दिया गया की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें स्कूल आते समय आपके परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने को निश्चित तौर से कहे अपने परिजनों को नशे की हालत में वाहन ना चलाने को कहे। साथी स्कूल बस अथवा टोटो ऑटो में विद्यालय आते समय अपने हाथ पांव या सर को वाहन के बाहर ना करें सुरक्षा नियमों का पालन करें एक आदर्श जागरुक एवं नेक विद्यार्थी बनकर देश का भविष्य बने। इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, केंद्र विद्यालय प्रिंसिपल, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# नगर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान




**साहिबगंज :** नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह के आदेशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर प्रबंधक बिरेश कुमार ने किया। अभियान पूर्वी रेलवे फाटक से जिरवाबाड़ी पेट्रोल पंप तक एवं आजाद नगर इलाके में चलाया गया।अभियान के तहत 10 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से कुल 1751 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। पदाधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने की सलाह दी।नगर प्रबंधक बिरेश कुमार ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और इसके उपयोग को पूर्णतः समाप्त करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साहिबगंज नगर प्रशासन के इस कदम को स्थानीय निवासियों का समर्थन मिल रहा है। लोग प्लास्टिक के उपयोग को छोड़कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो रहे हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में बड़ा योगदान मिलेगा।

## मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

मेट्रा रेज

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के सकड़ोगढ निवासी आफताब आलम उर्फ अंसारी एवं जैनुल अंसारी को पुलिस ने मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि आफताब एवं जैनुल दोनों ने आपस में मारपीट की घटना को अंजाम दिया था और दोनों ने एक दूसरे के विरुद्ध शिकायत भी किया था। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए मामला दर्ज कर दोनों पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

# भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनी



**साहिबगंजः** बीते दिन दहीया टोला स्थित अंबेडकर भवन में समय चार बजे अंबेडकर संस्था व मुलनिवासी संघ जिला ईकाई साहिबगंज की ओर से भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के 101 वें जयंती समारोह पर मनाया गया। इस अवसर पर जननायक कपूर्री ठाकुर जी के तैलीय तस्वीर पर माल्यार्पण और मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम आरंभ किया।अनिल पासवान ने अपना वक्तव्य में कहा सामाजिक न्याय के योद्धा बिहार के एक बार उप मुख्यमंत्री दो बार मुख्यमंत्री के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए बहुजन समाज के भाईयों यू ही जननायक की उपाधि कपूर्री ठाकुर को नही मिला बचपन में स्कूल के फीस के लिए 27 बाल्टी पानी भरने पडे थे। ,अथक परिश्रम करके देश सेवा में जुट गए बालदेव उरॉव ने कहा ओबीसी समाज को अपने मुख्यमंत्री काल में 27% आरक्षण लागू किया ।उपस्थित लोग बालदेव उरॉव, अनिल पासवान, आदित्य नारायण, फुलकुमार रजक ,रामाआशिष यादव, शेखर पासवान, रामसरूप यादव, श्याम दास, नवल किशोर पासवान, अजमत हुसैन, सोनू ठाकुर, विजय पासवान, कृष्ण देव मंडल एवं अन्य ।

# मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन व समाधान पत्रकारिता पर एकदिवसीय कार्यशाला

मेट्रो रेज



**साहिबगंजः** सिविल सर्जन के सभागार में पीरामल फाउंडेशन ने पत्रकारों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला का उद्देश्य, फाइलेरिया उन्मूलन के अंतर्गत आगामी फरवरी माह में एमडीए राउंड पर चर्चा और सकारात्मक बदलाव की दिशा में ब्लू नींव पहल के अंतर्गत पत्रकारिता में आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान, और सकारात्मक पत्रकारिता पर चर्चा करना था। पिरामल फाउंडेशन के निदेशक संजय सुमन ने बताया कि पत्रकारिता में लगातार बदलाव हो रहे हैं और इस बदलाव को समझने और पत्रकारों को बेहतर बनाने के लिए पिरामल फाउंडेशन देशभर में सर्वेक्षण कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाठक अब प्रेरणादायक और सकारात्मक खबरें देखना चाहते हैं। अगर पत्रकार इस दृष्टिकोण से समाचार प्रस्तुत करें, तो वे अधिक प्रभावी बन सकते हैं।कार्यशाला में उपस्थित पत्रकारों ने सहमति जताई कि नकारात्मक खबरों की भरमार के बीच पाठक अब सकारात्मक कहानियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ब्लू निब पहल की सराहना की व अपने पत्रकारिता की यात्रा, चुनौतियों व अवसरो को साझा किया। पीरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट लीड ईमोन दास और प्रोग्राम लीड,अजय केशरी, रजिया उमर तथा गांधी फेलो कोमल गुप्ता ने फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और नीति आयोग के सूचकांकों पर आधारित प्रखंड व जिला स्तर पर किए जा रहे कार्यों का संक्षेप में वर्णन किया।पत्रकारों ने फाउंडेशन की सोच की सराहना करते हुए इसे पत्रकारिता में सकारात्मक बदलाव लाने का एक कदम बताया। इस कार्यशाला में वेक्टर बोर्न डिजीज के जिला सलाहकार प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि एवं पीरामल फाउंडेशन टीम के सदस्य उपस्थित थे।



# सनी देओल की एक्शन से भरपूर फिल्म जाट 10 अप्रैल को रिलीज होगी

आखिरकार एक्शन स्टार सनी देओल अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'जाट' की रिलीज की तारीख 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। रिलीज की तारीख की घोषणा से प्रशंसक उत्साह से भर गए हैं और पहले ही टीजर ने दुनिया भर के दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। पुष्पा-2 के साथ वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व 12,500 स्क्रीनों पर प्रीमियर किए गए टीजर ने पहले ही वर्ष के सबसे विस्फोटक एक्शन ड्रामा का वादा करते हुए फिल्म का मंच तैयार कर दिया है। एक्शन दृश्यों के लिए जाने जाने वाले सनी देओल फिर साबित कर देंगे कि वह भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ एक्शन हीरो हैं। गोपीचंद मालिनेनी की निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित 'जाट' का उद्देश्य एक्शन शैली को बदलना है। फिल्म में रणदीप हुडा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा जैसे सितारे हैं, जिनकी उपस्थिति हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ एक रोमांचक कहानी का वादा करती हैं। संगीत थमन एस ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी पर ऋषि पंजाबी, संपादन नवीन नूली और प्रोडक्शन डिजाइन का काम अविनाश कोल्ला ने संभाला है। अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट द्वारा कोरियोग्राफ किए गए एक्शन दृश्य रोमांचकारी होने और दर्शकों को बांधे रखने का वादा करते हैं। फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को विश्वभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।




## शाहिद कपूर स्टारर 'देवा' का धमाकेदार गाना 'मर्जी चा मालिक' रिलीज

जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स की एक्शन थ्रिलर 'देवा' का ट्रेलर दर्शकों के बीच जबरदस्त हलचल मचा रहा है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के दमदार प्रदर्शन और रोमांचक एक्शन सीन इसे एक शानदार सिनेमाई अनुभव बनाने का भरोसा दिलाते हैं। जैसे-जैसे फिल्म का इंतजार बढ़ता जा रहा है और दर्शकों की एक्साइटमेंट का लेवल हाई हो रहा है, मेकर्स ने अब फिल्म के एल्बम से नया गाना 'मर्जी चा मालिक' रिलीज कर दिया है। देवा के लिए लोगों का क्रेज रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसी जबरदस्त डिमांड को देखते हुए मेकर्स ने नया गाना 'मर्जी चा मालिक' रिलीज कर दिया है। गाने की ऑडियो को दर्शकों की जबरदस्त मांग को देखते हुए लॉन्च किया जा रहा है। ये गाना फिल्म की पहले से ही बढ़ रही एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा देगा। पोस्टर्स पर दिखने के बाद से ही इस गाने को लेकर लोगों में काफी क्रेज बना हुआ है। जब इस गाने का इस्तेमाल फिल्म के टीजर और ट्रेलर लॉन्च इवेंट में टैलेंट्स की एंट्री के दौरान हुआ था, तब से ही लोग इसकी धुन के दीवाने हो गए हैं। अब ये गाना दर्शकों को इस एक्शन से भरपूर फिल्म के एक और दिलचस्प पहलू से रूबरू कराता है। मशहूर मलयालम फिल्ममेकर रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी और जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई 'देवा' एक जबरदस्त और धमाकेदार एक्शन-थ्रिलर है। ये फिल्म 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।--

# अक्षय कुमार ने बेचा मुंबई का आलीशान घर



बॉलीवुड में लोकप्रिय नामों में से एक है अक्षय कुमार। अक्षय को फिल्में बनाना जितना पसंद है उतना ही उन्हें प्रॉपर्टी खरीदना और बेचना भी पसंद है। उनके जुनून के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते। सही निवेश में कोई उनका हाथ नहीं थाम सकता। अक्षय का मुंबई में बहुत सारी संपत्तियां हैं। सामने आया है कि इनमें से एक अपार्टमेंट अक्षय ने बेच दिया है। इस बिक्री से थोड़ी-बहुत नहीं बल्कि करोड़ों की रकम हासिल हुई है। अक्षय कुमार ने बोरीवली स्थित अपार्टमेंट को 4.25 करोड़ में बेचा है। अक्षय कुमार का यह अपार्टमेंट स्काई सिटी में स्थित है। स्काई सिटी ओबेरॉय रियल्टी द्वारा विकसित किया गया है और 25 एकड़ में फैला हुआ है। अक्षय ने यह अपार्टमेंट नवंबर 2017 में 2.38 करोड़ में खरीदा था। अगर आप अपार्टमेंट की खरीद कीमत और बिक्री कीमत को देखें तो ऐसा लगता है कि अक्षय ने भारी मुनाफा कमाया है। महज 7 साल में उन्होंने 2 करोड़ रुपए तक की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक इस अपार्टमेंट का क्षेत्रफल 1,073 वर्ग फुट है। इसमें दो कारों के लिए पार्किंग की सुविधा भी है। बिक्री के दौरान लेनदेन में 25.5 लाख रुपये का स्टांप शुल्क और 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क भी अदा किया गया। संपत्ति पंजीकरण रिकॉर्ड के अनुसार, अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन जैसे कई बॉलीवुड अभिनेताओं के पास ओबेरॉय स्काई सिटी में संपत्ति है। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार का खार वेस्टर्न जॉय लीजेंड में भी एक आलीशान फ्लैट है। 2022 में एक्टर ने खार वेस्ट में इस फ्लैट के लिए 7.8 करोड़ रुपये चुकाए थे। अक्षय कुमार का फ्लैट एक आवासीय परिसर की 19वीं मंजिल पर स्थित है और 1878 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआ है। अक्षय फिलहाल अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना और दो बच्चों के साथ मुंबई के जुहू इलाके में एक शानदार समुद्र तट डुप्लेक्स में रहते है। इस आलीशान घर की कीमत 80 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। खास बात यह है कि इस घर से अरब सागर का खूबसूरत नजारा दिखता है। अक्षय के काम की बात करें तो उनकी फिल्म 'स्काई फोर्स' रिलीज हो गई है। इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।



## लंदन में कंगना की 'इमरजेंसी' का जोरदार विरोध, दर्शकों को दी गई

कंगना रनौत का रिलीज हुई फिल्म 'इमरजेंसी' इस समय काफी चर्चा में है। फिल्म की रिलीज डेट भी दो बार टाली गई। आखिरकार नए साल में 'इमरजेंसी' रिलीज हो गई। उम्मीद थी कि फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा, लेकिन फिल्म 'इमरजेंसी' को उम्मीद से कम रिस्पॉन्स मिला। कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लंदन में इसका विरोध किया गया है। इतना ही नहीं फिल्म देखने आए दर्शकों को धमकी भी दी गई है। लंदन में कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने फिल्म 'इमरजेंसी' का कड़ा विरोध किया है। इसके अलावा गृह सचिव को मामले का संज्ञान लेने को कहा गया है। यह बात भी सामने आई है कि बॉब ने फिल्म देखने गए दर्शकों को धमकी भी दी थी। बॉब ब्लैकमैन लंदन में निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा उस इलाके के खालिस्तानी समर्थकों ने लोगों को फिल्म न देखने की धमकी दी है।

इसके परिणामस्वरूप लंदन में 'इमरजेंसी' का प्रदर्शन शुरू हो गया और सिनेवर्ल्ड, सिनेमाव्यू जैसी सिनेमा थिएटर ने 'इमरजेंसी' को हटाने का फैसला किया है। फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज के बाद से ही विवादों में है। पंजाब में फिल्म पर बैन की मांग की गई। इसके अलावा सेंसर ने फिल्म से कुछ सीन काटने का भी फैसला किया।

# मंगलुरु में 200 से अधिक तैराक डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए तैयार



एजेंसी

**मंगलुरु, :** डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण को शानदार प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें 200 से अधिक तैराक 26 जनवरी को मंगलुरु सर्फ क्लब बीच पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस इवेंट का आयोजन मंगलुरु सर्फ क्लब द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 250 मीटर से लेकर 6 किमी तक की पांच श्रेणियों में मुकाबले होंगे। इस बार का मुख्य आकर्षण डूबे हुए डेन डेन जहाज के चारों ओर आयोजित दौड़ है, जो 2007 में समुद्र में डूबने के बाद एक ऐतिहासिक स्थल बन चुका है। प्रतियोगिता में दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और गोवा समेत कई राज्यों के तैराक भाग लेंगे। प्रतिभागी 10 वर्ष से ऊपर के आयु-विशिष्ट वर्गों में हिस्सा लेंगे, जिसमें सबसे लंबी श्रेणी 6 किमी की दौड़ होगी।

मंगलुरु सर्फ क्लब के अध्यक्ष चिराग शंभू ने इस आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा, इस साल की चैंपियनशिप में प्रतिभागियों की संख्या पिछले साल से दोगुनी हो गई है। यह भारत में ओपन-वाटर स्पोर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। हम जल सुरक्षा को बढ़ावा देने और मंगलुरु को इस तरह के आयोजनों के लिए प्रमुख स्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चैंपियनशिप के निदेशक ऋषभ शेट्टी ने बताया कि सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। ₹20 से अधिक लाइफगार्ड, स्पीडबोट्स और सर्फ-बोट्स की सहायता से सभी प्रतिभागियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया है,₹ उन्होंने कहा। इस इवेंट को भारतीय तट रक्षक, हॉलीवुड लाउंज, केएमसी अस्पताल और वी वन एक्वाटिक सेंटर जैसे साझेदारों का सहयोग मिला है। इसके अलावा, ओपन वाटर स्विमर्स फाउंडेशन और लोकल फिशिंग बोट्स ने भी सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान दिया है। डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप मंगलुरु को समुद्री खेलों का हब बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए यह एक यादगार इवेंट साबित होगा, जो न केवल रोमांचक प्रतिस्पर्धा प्रदान करेगा, बल्कि समुद्री सुरक्षा और खेल संस्कृति को भी बढ़ावा देगा।

## खो-खो विश्व कप विजेता भारतीय टीमों को केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने दी बधाई



**नई दिल्ली :** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने शुक्रवार को हाल ही में खो-खो विश्व कप जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। खडसे ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का क्षण है कि दोनों टीमों ने इस स्वदेशी खेल में पहला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने इस जीत को पूरे देश, विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए प्रेरणा बताया। खडसे ने कहा, ह्लहमारी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने जिस दबदबे के साथ विश्व कप जीता, उससे मुझे बहुत गर्व है। यह हमारी मिट्टी और गांवों का खेल है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का श्रेय भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) और खिलाड़ियों को जाता है।" उन्होंने केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इस खेल को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। भारतीय पुरुष टीम, जिसकी कप्तानी प्रतीक वाइकर कर रहे थे, ने फाइनल मुकाबले में नेपाल को हराया। वहीं, महिला टीम ने प्रियंका इंगले की अगुवाई में नेपाल के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पहले खो-खो विश्व कप में 6 महाद्वीपों के 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमों ने भाग लिया। यह टूर्नामेंट एक सप्ताह तक चला, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। खडसे ने महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा, ह्लमहाराष्ट्र, जहां इस खेल की शुरूआत हुई, ने शानदार योगदान दिया। अब यह हर खिलाड़ी की जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र में इस खेल को बढ़ावा दें और नई पीढ़ी को प्रेरित करें।"

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 10 दिसंबर, 2024 से 11 जनवरी, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक महीने का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस शिविर में 27 राज्यों के 60 पुरुष और 60 महिलाओं ने भाग लिया, जिसे केकेएफआई के समर्थन से आयोजित किया गया।

केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने विश्व कप के सफल आयोजन में सहयोग के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने हर संभव सहायता प्रदान की। हमने चार साल बाद बर्मिंघम में अगले विश्व कप के आयोजन की घोषणा कर दी है और भारत में भविष्य की विश्व चैम्पियनशिप आयोजित करने की योजना पर विचार कर रहे हैं।"खडसे के अनुरोध पर महाराष्ट्र सरकार ने खो-खो विश्व कप में भाग लेने वाले राज्य के प्रत्येक खिलाड़ी को 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार और राज्य सरकार में प्रथम श्रेणी की नौकरी देने की घोषणा की है। यह कदम खो-खो को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयासों का हिस्सा है।

## एक्शन फिल्म 'मैचबॉक्स' में एक साथ नजर आएंगे रणदीप हुड्डा और जॉन सीना

'हाईवे', 'सुल्तान', 'राधे' और 'सरबजीत' जैसी सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके रणदीप हुड्डा हाल ही में अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावकर' को लेकर सुर्खियों में थे। उन्होंने अब तक के करियर में कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ी है। अब वह सुपरस्टार जॉन सीना के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। इस खबर से रणदीप के फैंस भी काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'मैचबॉक्स' एक एक्शन फिल्म है, जिसमें मशहूर हॉलीवुड एक्ट्रेस टेयोना पेरिस, जेसिका बील और सैम रिचर्डसन नजर आएंगे। 'एवेंजर्स, एंडगेम' और 'एक्सट्रैक्शन-2' जैसी सुपरहिट फिल्म के निर्देशन का जिम्मा निर्देशक सैम हैरग्रेव ने संभाला है। इस बीच ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि इस फिल्म की शूटिंग यूरोप में शुरू हो गई है।



रणदीप हुड्डा के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनकी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' काफी चर्चा में है। इसके बाद जल्द ही वह सनी देओल स्टारर 'जट' में नजर आएंगे।

## राष्ट्रीय खेल में शामिल होने को खिलाड़ी हुए रवाना,अवनीश अवस्थी ने दिखायी हरी झंडी

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों की रवानगी शुरू हो गई है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी (सलाहकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश) ने ओलंपिक ध्वज दिखाकर उत्तर प्रदेश के दल को रवाना किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया।मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी ने मौजूद खिलाड़ियों को किट प्रदान कर उत्तर प्रदेश दल को किट वितरण की शुरूआत की। उन्होंने अपने आर्शीवचन में कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेलों को अभूतपूर्व सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों



तक ले जाएंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि बेहतरीन तैयारियों के चलते उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी इस बार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने प्रेषित शुभकामना संदेश में कहा कि आप सभी मेहनत और लगन के साथ खेलते हुए प्रदेश का नाम रोशन करें। हम सभी को आप पर गर्व है और हमें विश्वास है कि आप अपनी प्रतिभा से नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## गोईलकेरा प्रखंड में स्वास्थ्य मेला जोबा मांझी ने किया उद्घाटन



**ज्योति पाठक**

**चक्रधरपुर:** अनुमंडल अंतर्गत गोइलकेरा प्रखंड में आज स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन सांसद जोबा मांझी ने किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती मांझी ने कहा कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी जनसुधि और जनसेवा के कार्यों से अपने कर्तव्य और सहभागिता का निर्वहन करते हैं। इनके कार्य काफी प्रेरणादायक हैं । स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ रहने के तरीके की जानकारी देना भी काफी पुनीत कार्य है।

इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित थे। इससे पूर्व सांसद श्रीमती मांझी का भव्य स्वागत किया गया।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस की अंतिम तैयारियों का लिया जायजा

## झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान,परेड निरीक्षण समेत अन्य कार्यक्रमों का हुआ पूर्वाभ्यास

**विनय मिश्रा**

**चतरा:** गणतंत्र दिवस 2025 के मौके पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड निरीक्षण कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से जायजा लिया। गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का आज पूर्वाभ्यास किया गया।



जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में निरीक्षण यान पर सवार होकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। कुल 11 प्लाटून द्वारा परेड में भाग लिया गया। इनमें सीआरपीएफ 190 बटालियन, आईआरबी पुरुष, आईआरबी महिला, सशस्त्र बल, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी डीएवी विद्यालय के बच्चे, इंद्रागांधी आवासीय उच्च विद्यालय स्कॉर्ट गाइड, जवाहर नवोदय विद्यालय, नाजेरथ विद्या निकेतन की छात्र छात्राएं शामिल रहा। परेड निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी राष्ट्रगान में उपस्थित पदाधिकारी स्कूली बच्चों समेत स्टेडियम में उपस्थित सभी ने भाग लिया। इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर टेंट,मंच, साफ सफाई, स्टेडियम में अतिथियों की एंट्री करने समेत अन्य विषयों को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी स्थापना उप समाहर्ता, पुलिस विभाग के कई पदाधिकारी, स्कूली शिक्षक, छात्र-छात्राओं समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिंगपुर नर्सिंग होम परिवार की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सिल्ली, मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

निवेदक
श्री डाक्टर रमणेश प्रसाद
मुरी, रांची।
नोट -(सिंगपुर नर्सिंग होम सभी लोगों की स्वास्थ्य की कामना करती है।)


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय श्री हेल्थ सेंटर की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सिल्ली -मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
निवेदक
श्री डाक्टर प्रकाश महतो
मुरी - रांची स्टेडियम रोड।
नोट -(हमारे नर्सिंग होम में शुगर,ब्लड प्रेशर, हार्ट प्रोब्लम की विशेष इलाज है)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुरी ओपी परिवार की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक राष्ट्राभिनंदन एवं शुभकामनाएं ।

निवेदक - श्री कुन्दन सिंह
थाना प्रभारी मुरी ओपी।
नोट-(सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट को आदत में शामिल करें)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिल्ली थाना की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सिल्ली -मुरी समेत पूरे झारखंड एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जयहिंद।

निवेदक
श्री दिनेश ठाकुर
सिल्ली थाना प्रभारी।
नोट-सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग करें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फ्लावर मिल छोटा मुरी की ओर से सिल्ली -मुरी समेत पूरे भारतवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

श्री रविशंकर साहू उर्फ दयाल
छोटा मुरी सब्जी बाजार।
नोट : हमारे आटा चक्की पर शुद्ध चक्की आटा हर समय मौजूद है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भोला पाण्डेय
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
डोमचांच, कोडरमा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवंत संसदीय लोकतंत्र वाले राष्ट्र भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र के तमाम नागरिक को मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

निवेदक:
दिनेश पंडा उर्फ बालाजी
सक्रिय भाजपा नेता सह समाजसेवी, बाबा बासुकीनाथ धाम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रुडसेट संस्थान सिल्ली की ओर से सिल्ली -मुरी समेत झारखंड एवं पूरे भारतवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय हिन्द।

निवेदक
श्री संजीत कुमार
निदेशक रुडसेट संस्थान।
सिल्ली।
नोट -(बेरोजगार युवक- युवतियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सिल्ली -मुरी समेत पूरे भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

निवेदक
श्री दिनेश चौधरी उर्फ दीनू
छोटा मुरी स्टेशन रोड ।
नोटः हमारे टी स्टाल पर कुल्हड़ एवं अदरक की चाय उपलब्ध है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रविन्द्र कुमार पाण्डेय
अंचल अधिकारी डोमचांच।
कोडरमा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दुमका जिला प्रशासन एवं झारखंड शिक्षा परियोजना के पदाधिकारी एवं कर्मी सहित समस्त देशवासी को मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं।

निवेदक :
रवि कुमार रंजन
प्रभारी लेखा पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, दुमका( झारखंड)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
समस्त भारतवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं जयहिंद।

निवेदक
श्री त्रिभुवन महतो
हिण्डाल्को रिटायर्ड
छोटा मुरी, रिटायर्ड मेंट कॉलोनी।
नोट- रिटायर्ड पर्सन के स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शशि भूषण कुमार
थाना प्रभारी नवलशाही
कोडरमा, झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुमका जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ-साथ जरमुंडी प्रखंड के तमाम नागरिक को मेरी ढेर सारी शुभकामनाएं।

निवेदक:
डॉ. सुनील कुमार सिंह
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी( दुमका)।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भारत स्काउट एवं गाइड जिला संस्था,दुमका की तरफ से भारत स्काउट एवं गाइड परिवार के सभी सदस्यों तथा सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोटि- कोटि हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

निवेदक:
विजय कुमार दूबे
भारत स्काउट एंड गाइड,जिला सचिव, दुमका( झारखंड)